<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1918

04 दिसंबर, 2019 को उत्तर के लिए

इस्पात के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कदम

1918. श्री अश्वनी वैष्णवः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार इस्पात के उत्पादन को बढ़ाने के लिए वर्तमान में क्या कदम उठा रही है; और

(ख) आयात के माध्यम से वर्तमान में हमारी कितनी प्रतिशत घरेलू जरूरतें पूरी हो रही हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री (श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क): इस्पात उद्योग एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। भारतीय इस्पात कंपनियाँ वाणिज्यिक और बाजार गतिशीलता के आधार पर अपने निर्णय लेती हैं। सरकार राष्ट्रीय इस्पात नीति (एनएसपी), 2017 स्वदेश में विनिर्मित लौह व इस्पात उत्पाद (डीएमआई एंड एसपी) नीति, इस्पात स्क्रैप नीति लाई है तथा सरकारी खरीद में स्वदेशी इस्पात उत्पादों को बढ़ावा दिया है। व्यापार के अनुचित तरीकों को रोकने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश को अधिसूचित किए हैं।

(ख): वर्ष 2018-19 के दौरान देश में फिनिश्ड इस्पात की कुल माँग में इस्पात का कुल आयात 7.9% है। वर्ष 2018-19 में फिनिश्ड इस्पात का कुल उत्पादन, खपत और आयात निम्नानुसार है:

कुल फिनिश्ड इस्पात (एमटी)			
वर्ष	**खपत**	**आयात**	**खपत की तुलना में आयात की प्रतिशतता**
2018-19	98.71	7.84	7.9%

स्रोत: जेपीसी

****